06 अप्रैल से शुरू होंगी एनआइओएस की परीक्षाएं। www.nios.ac.in पर परीक्षाओं का पूरा कार्यक्रम उपलब्ध है

09 अप्रैल को होगा जिले की रोलर स्केटिंग टीम के लिए चयन ट्रायल। यह टीम 22वीं उत्तराखंड रोल स्केटिंग चैंपियनशिप में भाग लेगी

तुलाज बना ओवरआल चैंपियन, डब्ल्यूआइटी उपविजेता

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की प्रथम एथलेटिक्स मीट एवं टेक्नो-कल्चरल फेस्टिवल संपन्न

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की प्रथम एथलेटिक्स मीट एवं टेक्नो-कल्चरल फेस्टिवल का ओवरआल खिताब तुलाज इंस्टीट्यूट ने अपने नाम कर लिया। उपविजेता की ट्राफी महिला प्रौद्योगिकी संस्थान झाझरा (डब्ल्यूआइटी) ने कब्जाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम कौथिग-2023 में हर्षवर्धन को मिस्टर यूनिवर्सिटी व प्रिया तिवारी को मिस यूनिवर्सिटी का ताज पहनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने विजेता टीमों और व्यक्तिगत स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह के नेतृत्व में विवि की पहली राज्य स्तर प्रतियोगिता संपन्न हुई।

यूटीयू के झाझरा स्थित विवि परिसर में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिता के अंतिम दिन सभी स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले खेले गए। इनमें लांग जंप, हाई जंप, गोला फेंक, भाला फेंक, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, 100 मीटर, 200 मीटर एवं चार गुणा 200 मीटर रिले रेस प्रतियोगिताएं कराई गईं। फाइनल मैच के परिणामों के आधार पर तुलाज इंस्टीट्यूट को ओवरआल ट्राफी दी गई। इसके अलावा प्रोजेक्ट इनोवेशन प्रतियोगिता में पहला एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जेबीआइटी संस्थान ने पहला व बीआइएएस भीमताल ने द्वितीय व जीआइएचएम अल्मोड़ा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में बीआइएएस भीमताल प्रथम, महिला प्रौद्योगिकी संस्थान द्वितीय व महादेवी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी देहरादून तृतीय रहा। ओवरआल मुकाबले में चौथे स्थान पर डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी संस्थान टनकपुर ने प्राप्त किया। संस्थान के निदेशक डा. अमित अग्रवाल ने संस्तान के छात्रों को बधाई दी। समापन समारोह में यूटीयू के कुलसचिव प्रो. सतेंद्र सिंह, वित्त नियंत्रक बिक्रम सिंह संतवाल, परीक्षा नियंत्रक डा. वीके पटेल, महिला प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डा. आरपीएस गंगवार आदि मौजूद रहे।

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि की खेलकूद प्रतियोगिता की विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्राफी देकर सम्मानित करते तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल व विवि के कुलपति प्रो .ओंकार सिंह • जागरण

छात्र-छात्राएं रोजगार देने वाले बनें: उनियाल

तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि छात्र-छात्राएं रोजगार मांगने वाले नहीं रोजगार देने वाले बनें। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की ओर से खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेना गर्व की बात है। उन्होंने यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह की ओर से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कहा कि निकट भविष्य में तकनीकी विवि को कुलपति देश और दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा करने में सक्षम हैं।

देहरादून की और भी खबरें पढ़ें www.jagran.com